मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 11/03/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --392/2025
11 मार्च 2025
झारखंड विधानसभा, रांची
===========================
झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन।

विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन सहित अन्य मंत्रीगण तथा सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के विधायकगण हुए सम्मिलित।
===========================

षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा के द्वितीय (बजट) सत्र के आज की कार्यवाही समाप्ति के उपरांत झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन सहित अन्य मंत्रीगण एवं सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के विधायकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश तथा अबीर-गुलाल लगाकर पवित्र त्योहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने समस्त झारखंड वासियों को पवित्र त्योहार होली की शुभकामनाएं दी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने समस्त झारखंडवासियों को पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने होली मिलन समारोह के उपरांत मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार निकट है, रंगों के इस त्योहार को हम सभी लोग उत्सव के रूप में मनाना शुरू कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपनी तथा राज्य सरकार की ओर से आपसभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मैं आशा एवं उम्मीद करता हूं कि इस होली त्योहार के रंग-बिरंगे रंगों की तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि तथा खुशहाली आए। कामना है कि आप सभी लोग स्वस्थ रहें एवं एक सुंदर वातावरण में आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ यह त्योहार मनाए।

===========================

#Team PRD(CMO)